सार-समाचार

अधीक्षण अभियंता ने कार्यभार संभाला

सीकर (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में रमेश कुमार राठी ने अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वे सीकर जिले में अधिशासी अभियंता के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राठी अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और कार्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने यह पद चुन्नीलाल के स्थान पर ग्रहण किया है। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, अभियंताओं और कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने उनके नेतृत्व में विभाग के कार्यों को नई ऊंचाई पर ले जाने की उम्मीद व्यक्त की। श्री राठी ने अपने संबोधन में विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छ जल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, और वे इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उपस्थित सभी ने श्री राठी को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में विभाग के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जता । इसी दौरान अधिशाषी अभियंता पद पर रामकुमार चाहिल ने महेंद्र कांटीवाल के स्थान पर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर राम प्रकाश गौड़, रामकुमार चाहिल, संतरा वरिष्ठ लेखाधिकारी,महेंद्र कांटीवाल अधिशाषी अभियंता, यशवंत सामोता खंडीय लेखाधिकारी, सागरमल ओला , प्रवीण मातवा, भागीरथ ढाका, सहायक अभियंता मोहसिन खान सागरमल ओला प्रमोद कुमार नीरज चौधरी किरण बाजिया नव्या डॉ संजय खीचड़, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, पूरणमल गिला, बनवारी लाल, केशव यादव, सचिन माथुर, हीरालाल यादव, रोहित मीणा एवं कर्मचारी यूनियन के सुशील कुमार जैन, चतर सिंह बजरंग सिंह शेखावत भागीरथ मल बजरंग सिंह ,फारुख भाटी, शंकर शर्मा, शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

31 प्रतिभाओं का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। गुर्जरों की नंगली में शुक्रवार को गुर्जर समाज की बोर्ड परीक्षा में टॉपर 31 मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें सभी मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मातादीन पनियार रहे। पनियार ने सभी 31 मेधावी छात्राओं को 31 लैपटॉप देने की बात कही। वहीं चौमुखा भैंरुजी महाराज के विकास उत्थान के लिए बड़ा सहयोग देने के लिए कहा। पनियार ने कहा गुर्जर समाज की लड़कियां अब पढ़ाई में आगे बढ़ रही है। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, देवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश खटाना, चौमुखा भैंरुजी महाराज के भगत बाबूलाल गुर्जर, शिवपाल गुर्जर, मंगेजाराम खटाना, बंशी खटाना, इंद्राज सिराधना, भगत पूरणमल खटाना, भगत योगेश खटाना, भगत प्रमोद बराला, राजवीर बड़सरा गुरुजी, देवसेना के गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष सुमेर धाबाई, विजय गुर्जर आदि मौजूद थे। इस मौके पर मेधावी बालिका मनीष गुर्जर पुत्री सुरेश गुर्जर, सरोज गुर्जर पुत्री प्रताप गुर्जर, रविना गुर्जर पुत्री भगवानराम गुर्जर, सोनू गुर्जर पुत्री विजेश गुर्जर, शर्मिला गुर्जर पुत्री धर्मपाल गुर्जर, सरिता गुर्जर पुत्री झाबरमल गुर्जर, सीमा गुर्जर पुत्री मोहनलाल गुर्जर, राजबाला गुर्जर पुत्री प्रकाश गुर्जर, प्रिया गुर्जर पुत्री शुभकरण गुर्जर, भावना गुर्जर पुत्री धर्मचंद गुर्जर, अनु गुर्जर पुत्री काशीराम गुर्जर का सभी हीरामल देव महाराज के भक्त लोगों ने सम्मान किया। इन सभी बालिकाओं ने सरकारी स्कूल में बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं में 85 प्रतिशत से नंबर ऊपर हासिल किए थे। जिसके चलते उनका सम्मान किया गया।

सचिन को राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक व हंसराज को रजत मिला

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के दो छात्रों सचिन गढ़वाल ने एथलीट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया व हंसराज घायल ने तश्तरी फेंक में रजत पदक जीता। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के 19 वर्षीय वर्ग में सचिन गढ़वाल ने पांच किमी. पैदल चाल में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं हंसराज घायल ने इसी वर्ग में तश्तरी फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 8 जनवरी के बीच रांची में आयोजित हुआ। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विजेता खिलाड़ियों व उसके परिवार को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्यों ने भी उक्त छात्रों को शुभकामनाएं दी।

रजत जयंती बसंतोत्सव को लेकर बाजार में निमंत्रण कार्ड बांटे

चूरू (निसं)। ढांढंण शक्ति धाम में अखिल भारतीय बसन्तोस्तव परिवार की ओर से रजत जयंती बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीढांढ़ण शक्ति भक्त मण्डल चूरू के पदाधिकारियों ने बताया कि 21 से 26 जनवरी को ढांढ़ंण धाम में विराट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रजत जयंती बसंतोत्सव जनवरी माह की 21 से 26 तारीख तक आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को महोत्सव में आने के लिए गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर व सुभाष चौक तक व्यापारियों को निमंत्रण कार्ड वितरित किये गए। इस अवसर पर मण्डल के कार्यकर्ताओं हर प्रतिष्ठान पर निमंत्रण कार्ड देकर महोत्सव में आने का आग्रह किया।

जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में ना केवल झुंझुनूं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। इसी क्रम में मलसीसर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को स्वर्गीय सुशीलादेवी तुलस्यान धर्मपत्नी केशरदेव तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजन की ओर से कंबल वितरण किए गए। जानकारी देते हुए संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार महेश ओला, सहायक प्रोग्रामर सुमित पांडे, कार्यालय सहायक सुनील गढ़वाल, पटवारी लालचंद एवं डीड राइटर सोनू जैदिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

समझाइस कर राजीनामा करवाया

रतनगढ़ (निसं)। मारुति नारायण सेवा संस्थान नागौर द्वारा रतनगढ़ थाने में संचालित महिला सुरक्षा सलाहकार केंद्र में आए एक महिला परिवाद में प्रथम पक्ष लड़की के द्वारा मारपीट का आरोप लगाए जाने पर दूसरे पक्ष लड़के को भी थाने में बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई तथा सलाह केंद्र की काउंसलर सूप्यार चारण एवं अनामिका खारडिया ने दोनों पक्षों को समझाइस की, जिस पर लड़के ने आगे से ऐसी गलती नहीं होने का विश्वास दिलाया तत्पश्चात दोनों पक्षों में राजीनामा करावाकर घर बसाने हेतु शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

आज विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

रतनगढ़ (निसं)। तहसील के अनेक गांवो में शनिवार को विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता (विद्युत विभाग) ने बताया कि भारतीय रेलवे विभाग का 33 केवी केबल ट्रेक क्रॉसिंग कार्य होने के कारण 33 केवी ऋषिकुल से जुडे फीडर ऋषिकुल, बछरारा व कुसुमदेसर जीएसएस से जुडे सभी गांव घुमान्दा, बछरारा, टिडियासर, बिरमसर, कादिया, लूंछ, भींचरी, कुसुमदेसर, छाबरी, सांगासर, भूखरेडी, मैणासर आदि की विद्युत आपूर्ति शनिवार को सुबह 10 से शाम 3 बजे तक बन्द रहेगी।

बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा 27 को

सीकर (निसं)। मुख्य आयोजना अधिकारी अरविन्द सिंह सामौर ने बताया कि बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2024 तक अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 27 जनवरी 2025 को प्रात:11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण आज

सीकर (निसं)। स्वामित्व योजना के तहत पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी शनिवार को प्रात:10 बजे जिला परिषद सभागार सीकर में होगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाभार्थियों को वर्चुअल संबोधित कर उनके साथ संवाद करेंगे।

थर्ड ग्रेड टीचर के ट्रांसफरों की बात सी.एम. के सामने रखेंगे : यू.डी.एच. मंत्री खर्रा

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का उद्घाटन जिला मुख्यालय पर स्थित जेपी जानूं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान नेता एवं पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जयसिंह मांठ थे। मुख्य वक्ता संगठन के संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला शाखा झुंझुनूं द्वारा आए हुए समस्त मंचस्थ अतिथियों का शॉल, साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा बताया कि यह राजस्थान का सबसे पुराना एवं मर्यादित शिक्षक संगठन है। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारवान शिक्षा देना शिक्षक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है और इस कर्तव्य को आपको बखूबी निभाना है। जिससे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत की जो

राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संबोधित किया।

संकल्पना दी गई है। उसको यह युवा पूरा कर सके। उन्होंने शिक्षक वर्ग की तृतीय श्रेणी अध्यापकों की स्थानान्तरण संबंधी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर इस पर मजबूती के साथ पैरवी करने की बात कही।

अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू ने कहा कि वे सदैव शिक्षक वर्ग की मांग को विधानसभा के पटल पर उठाते रहेंगे। लेकिन शिक्षकों से भी कहा कि आपकी भी है जिम्मेदारी है कि आप भी इस शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य जो कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसे आप जिम्मेदारी के साथ निभाएं। भांबू ने खुशी जताई कि शिक्षक संघ सियाराम प्रधानमंत्री मोदी के पंच पर्ण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि शिक्षक वर्ग में वह ऊर्जा है कि उन्हें कोई भी कार्य दे दिया जाता है। तो उस जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हैं। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर शिक्षकों की संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया।

भाजपा नेता विश्वभंर पूनियां द्वारा बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने पर शिक्षकों से संवाद किया गया एवं बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। इस विषय पर शिक्षकों के साथ चर्चा की। संगठन महामंत्री रामदयाल मीणा द्वारा संगठन वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने भी शिक्षकों को संबोधित किया। अंत में संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया एवं सभी शिक्षकों को अपने मांगों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ध्यान दिलाया। उन्होंने आए हुए मेहमानों से समस्त मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस प्रांतीय सम्मेलन के संयोजक उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान के सभी जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक भाग ले रहे हैं और इन दो दिनों में शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी पर मंथन होगा एवं नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मंच संचालन राजकुमार मूंड व नवीन शर्मा द्वारा किया गया।

झुंझुनूं दौरे पर रहे यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बड़ा बयान दिया है। झाबरसिंह खर्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि तय समय सीमा में जो तबादले नहीं हो पाए। उन तबादलों को भी छूट लेकर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तबादलों की समय सीमा का निर्धारण करना मुख्यमंत्री का काम है। समय सीमा बढाने को लेकर मांग आएगी तो उसे मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में सीमा विस्तार के सवाल पर कहा कि 20 जनवरी तक सभी सीमा विस्तार के निर्णय ले लिए जाएंगे। इसके लिए कल ही मंत्रीमंडलीय उप समिति का गठन किया जा चुका है। 20 जनवरी के बाद वार्डों के पुर्नसीमांकन का काम शुरू किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि इस दो दिन के अधिवेशन में शैक्षिणक गुणवत्ता के सुधार को लेकर चर्चा होगी। सकारात्मक विचार विमर्श के बाद जो सुझाव सामने आएंगे। उसे सरकार तक पहुंचाएंगे। सरकार निश्चित रूप से सकारात्मक सुझावों को अमल में लाकर शिक्षा की गुणवत्ता को बढाने का प्रयास करेगी।

जीडी शाह स्मृति प्रेरणा दिवस कार्यक्रम हुआ

झुंझुनूं, (निसं)। जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज के सह संस्थापक जीडी शाह स्मृति प्रेरणा दिवस कार्यक्रम कॉलेज कैंपस में हुआ। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन एमसी शाह, प्रबंधन सदस्य डॉ. आरसी शाह, पीके शाह, राकेश शाह, शशांक शाह, कॉलेज सलाहकार अनुराग संगल, सचिव राजकुमार मोरवाल, प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा रहे। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओं ने शहर की समसामयिक समस्याओ में चिंतन कर अपने विचार रखे। कुल 13 टीमों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने झुंझुनूं शहर की समस्याओं को स्लाइड शो, नाटक के माध्यम से दिखाया। इसमें प्रथम स्थान पर 7500 रूपए, द्वितीय स्थान पर 5100 रूपए एवं तृतीय स्थान पर 2100 रूपए से पुरस्कृत किया। कॉलेज चेयरमैन एमसी शाह ने छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए उनके नवाचारों व विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता के निर्णायकों में अनुराग संगल, मुकेश कृष्णियां व डॉ. प्रतिभा शामिल थे। इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा कॉलेज के सलाहकार अनुराग संगल द्वारा दी गई। कार्यक्रम में जीडी शाह के जन्मदिन पर एडवोकेट सतीश कुलहरि, एसोसिएट प्रोफेसर पूनम शर्मा, हरिश तुलस्यान, डॉ. शशि मोरोलिया, एसकेडी एज्यूकेटर डायरेक्टर एवं जेबीएससी टीम के सदस्य कमलेश लालपुरिया ने अपने विचार व्यक्त किए।

विद्यार्थियों ने पुरस्कार राशि जरूरतमंदों को दान की

पाटन (निसं)। निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा में स्थित लॉर्ड कृष्णा एकेडमी में आयोजित इंटर हाउस इंडोर चैंपियनशिप 24-25 के दौरान विधालय के छात्र छात्राओं ने एक अनूठी मिसाल पेश कर आमजन को शानदार संदेश दिया है। प्रतियोगिता के विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान की गई, लेकिन पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक कदम उठाया। उन्होंने घोषणा की कि वे यह राशि अपनी जरूरतों के लिए उपयोग करने की बजाय किसी जरूरतमंद को सहायता देने के लिए दान करना पसंद करेंगे।

विजेताओं ने कहा, ''हमें खुशी है कि हमें सम्मानित किया जा रहा है, लेकिन हमारी खुशी और भी बढ़ जाएगी अगर हम इस राशि से किसी गरीब या जरूरतमंद को सर्दी के मौसम में जरूरी वस्तुएं दान कर सकें।''

विद्यालय प्रबंधन इस नेक कार्य से बहुत प्रभावित हुआ और विद्यार्थियों के इस विचार को सराहा। प्रबंधन ने यह निर्णय लिया कि यदि पुरस्कार राशि से कुछ भी कमी रह जाती है, तो विद्यालय द्वारा इसे पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत, विद्यालय के अध्यापक मिलाप राय, श्रीमती पिंकी सैनी और शामिली लामा के नेतृत्व में विजेता विद्यार्थियों ने पाटन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर सर्दी से बचाव के लिए कम्बल वितरित किए। इस नेक कार्य से विद्यार्थियों को आत्मिक संतोष मिला और उन्होंने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन देवपाल यादव ने कहा, ''हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी इस प्रकार के उच्च विचारों और संस्कारों से संपन्न हैं।

हमें विश्वास है कि इस प्रकार के नेक कार्यों से हमारे विद्यार्थियों में एक सकारात्मक समाज सेवा की भावना उत्पन्न होगी।'' उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य सोहन सिंह मेहर और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

रेलवे स्टेशन के निर्माण में खामियां मिली

चूरू (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आने पर उन्होंने एडीआरएम और स्टेशन अधीक्षक को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

सांसद ने बताया कि लोकसभा में पांच रेलवे स्टेशनों को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। चूरू स्टेशन की नई डिजाइन को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि जनता की शिकायतों के अनुसार टॉयलेट का आकार बढ़ाया जाए। साथ ही फुट ओवर ब्रिज को और चौड़ा व मजबूत बनाने के निर्देश दिए, क्योंकि ट्रेन आने के समय सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। स्टेशन को और बेहतर बनाने के लिए कस्वां ने कहा कि प्लेटफॉर्म पर स्थानीय कला और संस्कृति को दर्शाने वाली ग्राफिक्स बनाई जाएं।

उन्होंने बताया कि सुजानगढ़ प्लेटफॉर्म पर सालासर बालाजी महाराज की मूर्ति का एक बड़ा ग्राफिक्स

सांसद राहुल कस्वां ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। स्टेशन का निर्माण अगले 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, हालांकि कैफेटेरिया और टीटी स्टाफ वेटिंग हॉल के लिए आवंटित जगह कम प्रतीत होती है। सांसद ने कहा कि निर्माण की शुरुआत के बाद से अब तक कई बदलाव आए हैं, इसलिए अधिकारियों से चर्चा कर नई ड्रॉइंग के अनुसार आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस नेता नारायण बालान, रमजान खान, धर्मेंद्र बुडानिया, ब्लॉक अध्यक्ष किशोर दांदू, विमल शर्मा और अनीश खान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

झुंझुनूं, (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना व यातायात विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में सडक सुरक्षा सप्ताह का आगाज किया गया। यह आयोजन 17 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत यातायात प्रभारी हरफूल मीणा, जिला युवा समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना शशिप्रकाश अहलावत द्वारा माय भारत स्वयंसेवकों की सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अभियान में युवा साथी, ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर शहर के मुख्य चौराहों जैसे बस स्टैंड चौराहा आदि पर अपनी ड्यूटी देकर वाहन चालकों को यातायात नियमो के बारे में जागरूक किया।

जनसुनवाई में फसल मुआवजे को लेकर ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड महिपाल पूनियां ने कलेक्टर की जनसुनवाई में शामिल होकर कलेक्टर को ज्ञापन देकर रबी फसल 2022-23 का बकाया मुआवजा जारी करवाने की मांग की।

मांग की गई कि 2022-23 का सैंकड़ों करोड़ का मुआवजा अभी भी बाकी है। लेकिन सरकार की उदासीनता और सरकार के अधिकारियों के नकारापन की वजह से अभी तक हजारों किसान मुआवजे की आस में बैठे हैं और रोज कर्ज में डूब रहे है। सरकार अविलंब मुआवजा की राशि जारी करें। आगे मांग की गई कि टाटा प्रोजेक्ट्स और स्किपर लिमिटेड द्वारा झुंझुनूं जिले से होकर 765 केवी की डीसी ट्रांसमिशन लाइन डाली जा रही है। जिसके बाबत जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में वार्ता हो चुकी है। लेकिन बावजूद इसके अभी भी कंपनी के कर्मचारी किसानों को धमकाकर उनके खेत में घुस जाते हैं और उनकी सैंकड़ों बीघा में खड़ी फसल को बर्बाद कर दी है। अभी तक किसानों और कंपनी के बीच मुआवजा तय नहीं हुआ है। कई तो ऐसे मामले हैं। जहां पर थानेदार और तहसीलदार कंपनी के दलाल बनकर किसान को धमका रहे है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ये बर्दाश्त नहीं करेगी। आगे से अगर किसी भी खेत में कंपनी के कर्मचारी बिना किसान की सहमति के घुसे तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी की होगी।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बुहाना, (निसं)। नोबल शिक्षण समूह के संस्थापक स्व. एसएस नेहरा की तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में नोबल स्कूल देवलावास के खेल मैदान में आयोजित ''प्रतिभा सम्मान समारोह-2025'' का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा, सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में दूर-दूर से अतिथियों, ग्रामीणों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में देशभक्ति, समाजसेवा और शिक्षा का संदेश प्रमुखता से दिखा। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजरूफ फूलिया थे। उन्होंने शिक्षा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्व. एसएस नेहरा की दूरदर्शिता और योगदान को याद किया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व उप थल सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी नेहरा ने युवाओं को प्रेरणा दी और उन्हें भविष्य के लिए नई दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। बोर्ड परीक्षाओं में 95 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्रों को मोटरसाइकिल और स्कूटी प्रदान की गई।

वहीं 90 से अधिक अंक लाने वाले 45 छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। योगाचार्य ढाकाराम ने युवाओं को योग के महत्व के बारे में बताया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप नेहरा ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों, और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे शिक्षा और समाजसेवा का एक आदर्श मंच बताया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों, किसानों, और ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और सेवा समाज के उत्थान के लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं। नवीन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं और किसानों का विशेष सम्मान किया गया। किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी देकर प्रेरित किया गया। इसके अलावा छात्रों को अनेक पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिससे उनकी मेहनत और उपलब्धियों को सराहा गया।

लायंस क्लब समाज सेवा में अनेक पुण्य के कार्य कर रहा है : सहारण

चूरू (निसं)। सामाजिक संस्था लायंस क्लब की ओर से स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर में शुक्रवार को 100 कंबल वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि चूरू की इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को क्लब द्वारा रजाई व कंबल वितरित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी लायन रामचंद्र राजोतिया के आर्थिक सौजन्य से 100 कंबल जरूरतमंदों को वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल, पुलिस उपाधीक्षक सुनील झाझड़िया, होलसेल भंडार के अध्यक्ष मोहन गढ़वाल व एलआईसी के शाखा प्रबंधक अनिल कासनिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथि हरलाल सहारण ने कहा कि लायंस क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक पुण्य का कार्य करता आ रहा है। विधायक हरलाल सहारण ने क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा को साधुवाद देते हुए कहा कि लायंस

लायंस क्लब की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

क्लब आपके नेतृत्व में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल ने चूरू में किए जा रहे समाजोपयोगी कार्यों के लिए लायंस क्लब को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्लब के शैलेंद्र माथुर, मुकुल सिगतिया, दीनदयाल सैनी, आबिद खान, सुनील टकनेत, महेंद्र धानुका, संजय मित्तल, ताराचंद प्रजापत ,संजीव वर्मा व भामाशाह प्रतीक राजोतिया ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई

चूरू (निसं)। सांसद राहुल कस्वां की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, तारानगर प्रधान संजय कस्वां सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि मजबूत विभागीय समन्वय से योजनाओं का उद्देश्य पूरा हो। भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यक्रमों में जिले को मिलने वाले फंड का समुचित उपयोग हो और सकारात्मक परिणाम सामने आएं। अधिकारी समुचित कार्य योजना बनाकर काम करें और जिले में योजनाओं के लक्ष्यों के साथ संभावनाओं व बेहतरी के लिए समर्पित रहकर काम करें। सांसद कस्वां ने कहा कि आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए विभागीय योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार हो तथा जनप्रतिनिधियों का समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास अधिकारी सुनिश्चित करें कि महानरेगा में भौतिक संरचनाओं का विकास हो। प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान हो। इसी के साथ जिले के सभी गांवों को जलभराव से मुक्त किया जाए। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना के साथ काम करें। बेहतरीन कचरा प्रबंधन अपनाते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई मेंटेंन करें। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में समुचित पारदर्शिता सुनिश्चित करें और जनप्रतिनिधियों के उठाए बिंदुओं पर ध्यान दें।

नाम परिवर्तन

मै कपिल सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी जाती सोनी निवासी रतननगर (चूरू) जो शपथपूर्वक बयान करता हूं यह की तरुण सोनी मेरा पुत्र है जिसका स्कूल रिकॉर्ड में नाम तरुण है जो गलत है उसका अन्य दस्तावेजों में सही नाम तरुण सोनी है । तथा भविष्य में मेरे पुत्र को तरुण सोनी के नाम से जाना व पहचान जावे।